नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 57 /NCRES/19 Date : 20.02.2019

श्रीमान प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषय:- सर्वोदय हास्पिटल फरीदाबाद को एन.सी.आर. से सम्बद्ध करने हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि सर्वोदय हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर फरीदाबाद में स्थित मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल है जहां विभिन्न प्रकार के रोगो के इलाज की समुचित व्यवस्था है। इस हास्पिटल को नार्दन रेलवे ने भी CGHS रेट पर नार्दन रेलवे के कर्मचारियों के इलाज हेतु सम्बद्ध किया है। "संघ" का मानना है कि उक्त हास्पिटल के NCR से भी सम्बद्ध होने से न केवल दादरी, अलीगढ़, आगरा, टूण्डला आदि जगहो के कर्मचारियों को इमरजेन्सी में इलाज में सुविधा मिलेगी बल्कि सेन्ट्रल हास्पिटल इलाहाबाद से भेजे जाने वाले मरीजों को भी अन्य सम्बद्ध हास्पिटल में जगह न मिलने पर इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

सर्वोदय हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर फरीदाबाद को नार्थ सेन्ट्रल रेलवे से सम्बद्ध करने के लिये NFIR ने दिनांक 11.01.2019 को पत्र लिखा है लेकिन अभी तक कुछ नही हुआ। यह भी अवगत कराना है कि सर्वोदय हास्पिटल ने प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, इलाहाबाद को दिनांक 5.7.2018 एवं मडंल रेल प्रबन्धक, आगरा को दिनांक 22.12.2018 को पत्र लिखकर अपने हास्पिटल को नार्थ सेन्ट्रल रेलवे से सम्बद्ध करने की इच्छा व्यक्त की है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि नार्दन रेलवे की तर्ज पर नार्थ सेन्ट्रल रेलवे द्वारा भी सर्वोदय हास्पिटल, फरीदाबाद, के साथ MOU साइन किये जाने के लिये उचित आदेश करने का कष्ट करें, ताकि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के कर्मचारियों को इमरजेन्सी में चिकित्सा के दौरान परेशान न होना पड़े।

संलग्नः— (1) महामंत्री NFIR का पत्र दिनांक 11.01.2019
(2) सर्वोदय हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर, फरीदाबाद का पत्र दिनांक 05.07.2018

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री